देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 141 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
परिवर्तन का दौर




# पेज थ्री

देहरादून, गुरूवार, 3 सितंबर 2020




PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 22.0° | 38040.57

2 पीछे हटने से बौखलाया ड्रैगन

7 पॉन्टिंग ने कहा, ज्यादा हो रही है प्रैक्टिस

# भारत की चीन को सख्त चेतावनी

## ड्रैगन को दो-टूक शब्दों में अपने सैनिकों पर नियंत्रण करने को कहा

■एससीओ की मीटिंग में चीनी समकक्ष से मिलने से राजनाथ सिंह का साफ इनकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पैंगोंग शो झील के दक्षिणी किनारे पर चीनी सेना की हिमाकत का माकूल जवाब देने के बाद अब भारत ने ड्रैगन को उसकी हरकतों से बाज आने को कहा है। भारत ने चीन को दू-टूक कहा है कि वह अपने फ्रंटलाइड सैनिकों को अनुशासन और नियंत्रण में रखे।

**भारत चौकन्ना, श्रृंगला, नरवणे की म्यांमार यात्रा स्थगित:** इस बीच चीन की चाल के बाद भारत बेहद चौकन्ना हो गया है और विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला और आर्मी चीफ जनरल एम एम नरवणे ने आज से शुरू होने वाली अपनी म्यांमार यात्रा को स्थगित कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि विशेष प्रतिनिधियों संग बातचीत में सेना को विवादित इलाके से हटाने पर बनी सहमति का चीन ने खुले तौर पर उल्लंघन किया है। बयान में कहा गया है कि चीन ने केवल शनिवार रात तनाव को बढ़ाया है।

विदेश मंत्रालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वेंग येई के बीच हुई बातचीत में सहमति बनी थी कि स्थिति का जिम्मेदार तरीके से समाधान किया जाएगा।

**भारत को अब नहीं है चीन पर ऐतबार:** सरकार का मानना है चीन वास्तव में इस मुद्दे का समाधान नहीं करना चाहता है और सुनियोजित तरीके से एलएसी के पश्चिमी इलाके पर निगाह गड़ाए हुए है। इससे बातचीत मुश्किल हो रही है। पैंगोंग शो के दक्षिणी किनारे हुए हालिया संघर्ष में निर्वासित तिब्बती फोर्स स्पेशल फ्रांटियर फोर्स में चीनी पक्ष को तगड़ा नुकसान पहुंचाया है और स्पांगुर गैप और चुशूल इलाके में भारत को बड़ी बढ़त दिला दी है।

मशहूर चीनी मामलों के विशेषज्ञ क्लाउड अर्पी ने कहा, यह चीनियों के खिलाफ संभवतः SSF की सबसे बड़ी कार्रवाई थी। इसका असर तिब्बत से लेकर पेइचिंग तक पड़ना लाजिमी है। यह घटना चीनी नेताओं की तिब्बत पर हुई एक बड़ी बैठक के ठीक कुछ दिन बाद हुई है। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रतो साहा (रिटायर्ड) ने टीओआई से कहा, चीनी सेना की यह उकसावे की कार्रवाई चीनी राष्ट्रपति शी जिनफिंग के राष्ट्रपति के आदेश को लागू करने के तहत की गई है।

उन्होंने कहा कि जिनफिंग का फोकस इस क्षेत्र में चीन की पकड़ मजबूत करने की है और भारत चीन के उकसावे वाली कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। तिब्बत से सटे सभी थियेटर को इसके लिए भारत तैयार भी कर चुका है।

### भारत ने बड़ा फैसला लिया

भारत-चीन के बीच टेंशन के बाद भारत ने बड़ा फैसला लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शंघाई सहयोग संगठन की महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेने के लिए आज को रूस के लिए रवाना हो गए। सूत्रों की मानें तो इस दौरान राजनाथ सिंह का चीनी समकक्ष से मुलाकात का कोई कार्यक्रम नहीं है। राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षामंत्री के साथ मुलाकात करने से इनकार कर दिया। पैंगोल झील पर हुए ताजा विवाद के बाद भारत और चीन के अधिकारियों की एक बैठक हो रही है। इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व सेना के ब्रिगेड कमांडर करेंगे। मंगलवार को भी ब्रिगेड कमांडर स्तर की वार्ता आयोजित की गई थी।



### पूर्वोत्तर में एलएसी से सटे इलाकों में बढ़ाई सैन्य तैनाती

गुवाहाटी। जून में पूर्वी लद्दाख में चीनी सैनिकों के साथ हुई हिंसक झड़प के बाद भारत ने पूर्वोत्तर राज्यों में एलएसी पर बड़ी तादाद में सैन्य तैनाती की है। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। लद्दाख में जून में हुई हिंसक झड़प एशिया के दो दिग्गज देशों के बीच हाल के दशकों की सबसे बुरी झड़प थी और उसके बाद से दोनों देशों में जारी तनाव में कमी के बहुत कम संकेत मिल रहे हैं। यही वजह है कि भारत एलएसी पर लगातार सैन्य तैनाती बढ़ा रहा है। अरुणाचल प्रदेश के अंजाव जिले में भारतीय सैनिकों की हलचल में तनातनी बढ़ने का संकेत दे रही है लेकिन सरकार के साथ-साथ सैन्य अधिकारियों ने इससे इनकार किया है।

# संसद सत्र से प्रश्नकाल हटाने पर छिड़ा संग्राम

## सरकार पर महामारी के बहाने लोकतंत्र और विपक्ष को कुचलने का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। 17वीं लोकसभा का चौथा सत्र 14 सितंबर 2020 से शुरू होने जा रहा है। हालांकि, कोविड-19 महामारी के मद्देनजर संसद के दोनों सदनों में सांसदों के बैठने की व्यवस्था से लेकर वहां की कार्यवाहियों तक में बदलाव किया गया है। इसी क्रम में प्रश्नकाल को भी दैनिक कार्यवाही की सूची से निकाल दिया गया है। संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा और निचले सदन लोकसभा, दोनों में प्रश्नकाल की कटौती से विपक्ष आग बबूला हो उठा है।

कांग्रेस के लोकसभा सांसद शशि थरूर ने सदन की कार्यवाही से प्रश्नकाल को हटाने को लोकतंत्र और विपक्ष की आवाज को कुचलने से जोड़ दिया। उन्होंने ट्वीट कर कहा, मैंने चार महीने पहले कहा था कि मजबूत नेता महामारी के बहाने को लोकतंत्र और विरोध को कुचलने के हथियार की तरह इस्तेमाल करेंगे। संसद सत्र का नोटिफिकेशन ये बता रहा है कि प्रश्नकाल नहीं होगा। हमें सुरक्षित रखने के नाम पर ये कितना उचित है?

थरूर ने कहा कि सरकार से सवाल पूछना लोकतंत्र की आवश्यक शर्तों में शामिल है। उन्होंने अपने दूसरे ट्वीट में कहा, सरकार पर सवाल दागना संसदीय लोकतंत्र का ऑक्सिजन है। यह सरकार संसद को एक नोटिस बोर्ड की तरह इस्तेमाल करना चाहती है और अपार बहुमत का इस्तेमाल मनमाने (विधेयकों को) पास करवाने में करती है। पारदर्शिता को बढ़ावा देने के एक तंत्र पर भी प्रहार कर दिया गया है।

दरअसल, प्रश्नकाल हटाए जाने का मामला टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने उठाया। उन्होंने बुधवार को ट्वीट किया, सांसदों को प्रश्नकाल के लिए संसद को 15 दिन पहले प्रश्न जमा करना जरूरी होता है।

### दोनों सदन की अलग-अलग बैठक करने का फैसला

कोविड-19 दिशा-निर्देशों के तहत दोनों सदन की अलग-अलग बैठक करने का फैसला किया गया है।अधिकारियों ने कहा था कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर इस बार आयोजित होने वाले सत्र के लिए कई तैयारियां पहली बार की जा रही हैं जैसे कि सभी सासंदों की जांच की जाएगी और सामाजिक दूरी के नियमों के अनुपालन में लोकसभा और राज्यसभा की बैठकें अलग-अलग होंगी ताकि सभी चौंबरों और गैलरी का इस्तेमाल सदस्यों के बैठने के लिए किया जा सके।

# पबजी समेत 118 और चीनी ऐप बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच जारी तनाव के बीच सरकार ने तीसरी बार चीनी मोबाइल ऐप्स पर बैन लगाया है। इस बार लोकप्रिय गेमिंग ऐप पबजी समेत 118 मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगाया गया है। सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए इन पर बैन लगाया है। इस बार जिन चीनी ऐप पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें पबजी के अलावा लिविक, वीचैट वर्क और वीचैट रीडिंग, ऐपलॉक, कैरम फ्रेंड्स जैसे मोबाइल ऐप शामिल हैं।

**डेटा चोरी और भारत की सुरक्षा और संप्रभुता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल थे ये ऐप:** मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि उसे इन ऐप्स के बारे में कई शिकायतें मिली थीं। हमें कई ऐसी रिपोर्ट्स मिली थीं कि एंड्रॉयड और आईओ प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद कुछ मोबाइल ऐप यूजर्स के डेटा को चोरी कर रही हैं और उन्हें लगातार देश से बाहर स्थित अपने सर्वर तक अवैध रूप से पहुंचा रही हैं।

### चीन को झटका

**राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए लगा बैन**

मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स ऐंड इन्फर्मेशन टेक्नॉलजी ने आईटी ऐक्ट के सेक्शन 69। के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इन मोबाइल ऐप्स पर बैन लगाया है। सरकार के मुताबिक ये ऐप भारत की संप्रभुता, रक्षा और राज्यों की सुरक्षा व पब्लिक ऑर्डर के खिलाफ गतिविधियों में शामिल थे।

**अब तक 224 चीनी मोबाइल ऐप्स पर लगा प्रतिबंध:** इससे पहले लोकप्रिय टिकटॉक समेत चीन के कई ऐप पर प्रतिबंध लगाए जा चुके हैं। जून के आखिर में भारत ने टिकटॉक, हेलो समेत चीन के 59 मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगाया था। बाद में जुलाई के आखिर में 47 और चीनी ऐप पर प्रतिबंध लगाया गया। इस तरह अबतक चीन के 224 ऐप पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत कोरोना से संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पणजी। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। हालांकि, उनमें कोरोना के लक्षण नहीं हैं और वह होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने खुद ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है। सावंत ने ट्वीट करके कहा कि सभी को सूचित करना चाहता हूं कि मैं कोरोना पॉजिटिव पाया गया हूं। हालांकि, कोरोना के लक्षण दिखाई नहीं दे रहे हैं और इसलिए मैं होम आइसोलेशन में रहूंगा।

### रिया के पिता से सीबीआई की लगातार दूसरे दिन पूछताछ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में मुख्य आरोपी रिया चक्रवर्ती के पिता इंद्रजीत चक्रवर्ती से केंद्रीय जांच एजेंसी बुधवार को फिर पूछताछ कर रही। इस बीच सुशांत का फ्लैटमेट सिद्धार्थ पिठानी भी पूछताछ के लिए डीआरडीओ के गेस्ट हाउस पहुंचा है, जहां सीबीआइ की टीम ठहरी है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# डोगरी, हिंदी, कश्मीरी भी अब आधिकारिक भाषा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। केंद्र शासित प्रदेश के रूप में जम्मू-कश्मीर का पुनर्गठन होने के बाद सरकार ने बुधवार को एक बड़े फैसले को मंजूरी दी है। प्रदेश में नए नियमों के साथ अब कश्मीरी, डोगरी, हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू भाषाओं को राजभाषा का दर्जा दिया गया है। इस फैसले को बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी गई है।

### कश्मीर के लिए राजभाषा बिल लाने को दी गई मंजूरी

सरकार के मुताबिक, इसे अब अमल में लाने के लिए संसद के सत्र में एक विधेयक लाया जाएगा। यह सत्र 14 सितंबर से शुरू होने को है। 5 अगस्त 2019 के बाद से ही राज्य में इन भाषाओं को आधिकारिक राजभाषा बनाने की मांग की जा रही थी।

कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने मीडिया को बताया कि कैबिनेट ने संसद में जम्मू-कश्मीर आधिकारिक भाषा विधेयक 2020 को लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसमें उर्दू, कश्मीर, डोगरी, हिंदी और अंग्रेजी राज्य की आधिकारिक भाषा होंगी। सरकार ने यह फैसला जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन के बाद राज्य में समानता लाने के संदेश के साथ किया है।